# Thought for Today Calendars:

# December 2021 ( Hindi )

BK website www.shivbabas.org BK Sustenance www.bksustenance.net

**DECEMBER - 1**

जिम्मेवारी सम्भालते भी सदा हल्के
रहो तब कहेंगे निमित्त आत्मा।

*Brahma Kumaris*

**DECEMBER - 2**

एक दो को देखने के बजाए स्वयं को देखना
और परिवर्तन करना ही श्रेष्ठ पुरुषार्थ है।

*Brahma Kumaris*

## DECEMBER - 3

श्रेष्ठ वा नम्बरवन सेवाधारी वह है जो बिगड़े हुए को सुधारने की सेवा करता है।

*Brahma Kumaris*

## DECEMBER - 4

साक्षी होकर हर खेल को देखने के अभ्यासी बनो तो सेफ रहेंगे।

*Brahma Kumaris*

## DECEMBER - 5

जिनमें स्नेह, शक्ति और ईश्वरीय आकर्षण है उनके सब सहयोगी बनते हैं।

*Brahma Kumaris*

## DECEMBER - 6

मन बुद्धि को भटकने से बचाओ तो
एकाग्रता की शक्ति जमा हो जायेगी।

*Brahma Kumaris*

## DECEMBER - 7

दिल और दिमाग दोनों के बैलेन्स से
सेवा करो तो सफलता मिलती रहेगी।

*Brahma Kumaris*

## DECEMBER - 8

आपमें यदि सहनशीलता का गुण है तो
सत्यता की शक्ति स्पष्ट दिखाई देगी।

*Brahma Kumaris*

## DECEMBER - 9

स्वयं को निमित्त करनहार समझकर चलो तो
कभी थकावट नहीं हो सकती।

*Brahma Kumaris*

## DECEMBER - 10

सबकी अच्छाईयों को धारण करते रहो तो
किसी की अच्छाइ पर प्रभावित नहीं होंगे।

*Brahma Kumaris*

## DECEMBER - 11

आपके जीवन का श्वांस खुशी है, इसलिए खुशी में
रहो और सबको खुशी का दान देते चलो।

*Brahma Kumaris*

## DECEMBER - 12

परेशान आत्माओं को अपनी श्रेष्ठ शान में स्थित कर देना ही सच्ची सेवा है।

*Brahma Kumaris*

## DECEMBER - 13

अपने मन का द्वार सदा साफ और खुला रखो तो ईश्वर का प्यार व प्रकाश प्राप्त होता रहेगा।

*Brahma Kumaris*

## DECEMBER - 14

मौन की शक्ति से मानसिक कल्पनाओं व स्वप्नों को साकार स्वरुप प्रदान किया जा सकता है।

*Brahma Kumaris*

## DECEMBER - 15

विनम्रता व साफ दिल वाले सिर्फ मनुष्यों
की अच्छाईयां ही देखते हैं।

*Brahma Kumaris*

## DECEMBER - 16

सभी समस्याओं का समाधान है - सत्यता।
सत्यता का अर्थ है - मूल स्थिति।
सत्यता आपको ईश्वर के समिप लायेगी।

*Brahma Kumaris*

## DECEMBER - 17

सारी आवश्यकताओं और आकांक्षाओं का मूल
कारण ही है आध्यात्मिक इच्छा का अपूर्ण होना।

*Brahma Kumaris*

## DECEMBER - 18

सिर्फ शान्त रहने की ओर ही ध्यान न दो,
अपितु गुणवान बनने की ओर भी ध्यान दो।

*Brahma Kumaris*

## DECEMBER - 19

आप अपनी समस्याओं का समाधान आत्म-विश्वास व
स्थिर मन से करो तो दूसरे सहज ही आप पर
विश्वास करना शुरु कर देंगे।

*Brahma Kumaris*

## DECEMBER - 20

यदि आप दूसरों के साथ स्पर्धा करते हैं या
उनके साथ अपनी तुलना करते हैं तो आप
स्वयं पर ध्यान केन्द्रित नहीं कर पायेंगे।

*Brahma Kumaris*

## DECEMBER - 21

आत्मा की पवित्रता का अर्थ है आत्मा के मूल दिव्य गुणों की ओर लौटना। आत्मा के गुण हैं - ज्ञान, पवित्रता, शान्ति, प्रेम, सुख, आनन्द, शक्ति।

*Brahma Kumaris*

## DECEMBER - 22

पवित्रता की शक्ति इतनी प्रबल है जो सारे विश्व के दु:ख दूर कर सकती है।

*Brahma Kumaris*

## DECEMBER - 23

यदि मैं अपने अहंकार को जीत लूँ तो मेरे क्रोध का समाधान हो सकता है।

*Brahma Kumaris*

## DECEMBER - 24

मार्ग में बाधाएँ तो अवश्यम्भावी हैं अतः परेशान होने की जरुरत नहीं। यह महसूस करें कि आप अकेले नहीं, सर्वशक्तिवान ईश्वर आप के साथ है।

*Brahma Kumaris*

## DECEMBER - 25

अनेक बाधाएँ अपनी गलतियों के कारण आती हैं, अपनी गलती के कारण किसी अन्य के लिए बाधा मत बनें।

*Brahma Kumaris*

## DECEMBER - 26

शान्ति का आधार प्रेम, धैर्य, बुद्धिमता आदि गुण हैं।

*Brahma Kumaris*

## DECEMBER - 27

बिना कोई इच्छा, भगवान की याद में टिक जाना,
समा जाना ही उच्च कोटि का योग कहलाता है।

*Brahma Kumaris*

## DECEMBER - 28

आत्मानुभूति की शक्ति मन की विनाशकारी
आदतों को बदलने का चमत्कार कर देती है।

*Brahma Kumaris*

## DECEMBER - 29

मन की बात कह देना ही ईमानदारी नहीं हैं,
ईमानदारी का अर्थ है अपने मन में उठने वाले हर
विचार के विषय में अति स्पष्ट होना।

*Brahma Kumaris*

## DECEMBER - 30

मैं ईश्वर का बालक हूँ, सदा ही उसका बालक
रहा हूँ और आगे भी सदैव रहूँगा,
इसमें कभी संशय मत करो।

*Brahma Kumaris*

## DECEMBER - 31

ईश्वर के साथ सम्बन्ध जोड़ने से आप में एक
बालक जैसी निश्चलता व ईश्वरीय विवेक भर जायेगा।

*Brahma Kumaris*

Source: **www.shivbabas.org OR www.bkgsu.org (Main BK website)**

BK Sustenance: **www.bksustenance.net**

BK Google: **www.bkgoogle.org (our 'Search engine')**

*The Shiv Baba Services Initiative*